# चार दिन बाद फिर तापमान लुढ़क कर पहुंचा 5 .8 डिग्री

## अधिकतम तापमान में भी आई गिरावट, दिन भर खिली रही धूप, शाम को छाया धुंध, रात की ठंड बढ़ी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, उत्तर भारत से आ रही ठंड हवाएं लगातार विंध्य में ठंड को बढ़ा रही है. मंगलवार एवं बुधवार की रात सबसे ठंड रात रही. प्रदेश का सबसे ठंड दूसरा जिला रीवा रहा. उमरिया में जहा न्यूनतम तापमान 4.9 रहा, वही रीवा में 5.8 दर्ज किया गया. दूसरी बार इस सीजन की सबसे ठंड रात रही. इसके साथ ही दिन के अधिकतम तापमान में भी 1 डिग्री की गिरावट आई है.**



जिले भर में पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित है. अच्छी बात यह है कि अभी कोहरा नही पड़ रहा है, शाम के बाद धुंध छा जाती है. लेकिन सुबह कोहरे की चादर नही रहती, जिसके चलते आवागमन में कोई दिक्कत नही है. मौसम विभाग की माने तो आने वाले अगले सप्ताह में उत्तर भारत में बर्फबारी तेज होगी, साथ ही रीवा एवं आसपास के जिलो में गलन भरी ठंड पड़ने के साथ कोहरे की चादर भी बिछेगी. विंध्य में लगातार ठंड तेज हो रही है दिन में भले ही तेज धूप रहती है बावजूद इसके गलन भरी ठंड बनी रहती है. बुधवार को दिन भर अच्छी खासी धूप रही, साथ ही ठंड भी रही. उत्तर भारत में उच्च दाब बनता है और जो हवाएं होती है वह उच्चदाब से निम्नदाब की ओर प्रवाहित होती है. इस वजह से उत्तर भारत से ठंडी हवाएं प्रदेश की ओर बह रही है. लिहाजा कड़ाके की ठंड और शीत लहर चल रही है. मौसम विभाग की माने तो एक नया कमजोर पश्चिमी विछोभ के 13 दिसम्बर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है. अचानक ठंड एक बार फिर से बढ़ गई है, दिन भर ठंड हवाएं चलती रही. दिन के अधिकतम तापमान में भी एक डिग्री की गिरावट आई. सामान्य से दो डिग्री अधिकतम तापमान कम रहा, 25.4 डिग्री दर्ज किया गया. ठंड को देखते हुए नगर निगम द्वारा बस स्टैण्ड सहित 16 स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है. जहा लोग ठंड से राहत पा रहे है. इसके साथ ही दो आश्रय स्थल एवं संजय गांधी अस्पताल के बाहर भी अलाव की व्यवस्था की गई है ताकि लोग ठंड से बच सके. इस बार नवम्बर के महीने से ही ठंड शुरू हो गई थी. असल ठंड दिसम्बर और जनवरी में पड़ती है. धीरे-धीरे हाड़ कपाने वाली ठंड अपना असर दिखाने लगी है.

### चार दिन बाद फिर लुढ़का तापमान

पिछले चार दिन से तापमान में गिरावट और उछाल आ रही है. 6 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान लुढ़क कर 5 .4 डिग्री पहुंच गया था और अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री नीचे 25 डिग्री पहुंच गया था. जबकि दूसरे दिन तापमान उछल कर 6 .8 पहुंचा और फिर 7 .5 पर टिका और उसके बाद तीसरे दिन भी तापमान स्थिर रहा और चौथे दिन फिर से न्यूनतम तापमान 5 .8 डिग्री पहुंच गया. लगातार तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते सेहत पर गलत असर पड़ रहा है और सर्दी, जुखाम के साथ बुखार के मरीज बढ़ने लगे है. दो दिन तापमान नीचे रहता है और फिर ऊपर आ जाता है. अभी तापमान में और गिरावट की संभावना है. मध्य दिसम्बर तक 4 डिग्री तापमान पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है. हाड़ कपाने वाली ठंड 20 दिसम्बर से 20 जनवरी के बीच पड़ेगी, ऐसी संभावना जताई जा रही है. खेती के लिहाज से यह ठंड बेहद लाभ दायक है.



# संदिग्ध मौत पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर थाने का किया घेराव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र में मंगलवार रात हुई एक संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फ़ैला दी है.**

नगर परिषद क्षेत्र के भाठी गांव के पास हुए कथित सड़क हादसे में तिलया गांव निवासी 48 वर्षीय प्रदीप शुक्ला की मौत के बाद परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए पहले तो पोस्टमार्टम से इनकार कर थाने का घेराव कर हत्या का आरोप लगाया. मृतक का बेटा सत्यम शुक्ला ने बताया कि 9 दिसम्बर की रात्रि तकरीबन 8.30 बजे अपने पिता के साथ बाइक से हनुमना बाजार से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में उनकी बाइक सड़क किनारे एक ट्रैक्टर से टकरा गई. इसी दौरान एक आदिवासी युवक भी घायल हुआ. सत्यम का आरोप है कि दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे कुछ आदिवासी युवकों ने उसके पिता को पीट-पीटकर मार डाला. उसने 'छंगा कोल' सहित कई युवकों पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि हमलावरों ने उसके पिता को बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### एसडीओपी की समझाइश पर माने परिजन

सुबह घटना की सूचना लगते ही परिजन और ग्रामीण सुबह से ही पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े रहे. दोपहर तक बड़ी संख्या में लोग हनुमना थाने पहुंच गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई. दूसरी ओर सूचना मिलने पर एसडीओपी सची पाठक थाने पहुंचीं और परिजनों से चर्चा की. उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, लेकिन वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. पीएम के बाद शव परिजनो को सौप दिया गया.

## संक्षिप्त



### उपमुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की. इस दौरान सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह भी उपस्थित रहे.

### कलेक्टर आज करेंगी आजीविका मिशन की समीक्षा

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगी. बैठक में आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत महिला स्वसहायता समूहों के कार्यों, ऋण वितरण की समीक्षा की जाएगी. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### चिरहुला मंदिर पार्किंग में आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. चिरहुला मंदिर पार्किंग में 11 दिसम्बर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा. शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे. कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं.

### रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त

**रीवा,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगरीय निर्वाचन के तहत नगर परिषद सेमरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती दृष्टि जायसवाल को रिटर्निंग आफीसर नियुक्त किया है. तहसीलदार अर्जुन बेनवंशी को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है.

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

**रीवा,** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 11 दिसम्बर को दोपहर 2 .30 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गयी है. बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी. बैठक में जिला पंचायत की स्थाई उप समितियों द्वारा पारित प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी. बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित एकल और समूह नलजल योजनाओं के कार्यों, नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना तथा त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना एवं बहुती सिंचाई परियोजना की प्रगति के कार्यों की समीक्षा की जाएगी. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने समिति के सभी सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.



### शीघ्र होगा भाजपा कार्यालय का आधुनिकीकरण : जैन

**रीवा,** भारतीय जनता पार्टी रीवा कार्यालय अटल कुंज ढेकहा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन का अल्प प्रवास पर आगमन हुआ. जहां भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने उनका स्वागत किया. इस दौरान जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने उन्हें भाजपा कार्यालय अटल कुंज का निरीक्षण कराया. निरीक्षण के बाद प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कहा कि पार्टी कार्यालय कार्यकर्ताओं का मंदिर होता है. यहां किसी प्रकार की कोई कमी नही रहने दी जायेगी. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कार्यालय के भवन के जर्जर हिस्से को नवीनीकृत किया जायेगा तथा एक छब्ब कक्ष का भी निर्माण कराया जायेगा तथा कार्यालय को विभिन्न प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जायेगा. इस दौरान जिला महामंत्री विवेक गौतम, जिला मंत्री बृजेन्द्र गौतम, रविराज विश्वकर्मा, कार्यालय मंत्री वीरेश पाण्डेय, जय सिंह, नरेन्द्र शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो. इमरान गुलाब, महेन्द्र त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सुदामा कोल, विशाल गुप्ता, विजय सोनी, महेन्द्र त्रिपाठी, जगन्नाथ साहू, दुर्गा तिवारी, किसन मिश्रा, पुष्पेन्द्र मिश्रा, मुकेश द्विवेदी, आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# लोक अदालत में नगर निगम देगा अधिभार में छूट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, लोक अदालत में नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर एवं जलकर के अधिभार में छूट प्रदान की जाएगी. जिसका लाभ कर दाता उठा सकते है. नगर निगम में लोक अदालत लगेगी.**

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर दिन शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2024-25 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जाएगी. लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय के साथ साथ चारो जोन कार्यालयों में भी सुबह 10 बजे से 6 बजे तक किया जावेगा. सम्पत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को नोटिस देकर राशि जमा करने की सूचना दी गई है जो बकायादार लोक अदालत के माध्यम से सम्पत्तिकर व अन्य करों का भुगतान नही करेंगे उनके विरूद्ध नगर निगम द्वारा तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही की जावेगी. निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया करों का निपटान करें, जिससे अधिभार के साथ वैधानिक कार्रवाई से भी बचा जा सके. लोक अदालत नगर पालिक निगम कार्यालय टाऊन हाल पर आयोजित होगी, जहां करदाता अधिभार में छूट का फायदा उठा सकते हैं.



# उप मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, गुढ़ स्थित भैरवनाथ का मंदिर बनकर तैयार हो चुका है. जल्द ही इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के हाथो किया जायेगा. बुधवार को उप मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 31 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए स्थल का अवलोकन किया.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के अंतर्गत जारी विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. इस दौरान मंदिर परिसर में वृक्षारोपण एवं सौन्दर्यीकरण और किये जाने के निर्देश दिये. मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी की जा रही है. निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजगोपाल मिश्रा चारी, भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड.अनंत कुमार गुप्ता, भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के.के. गर्ग, संविदाकार विवेक दुबे, डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा, रामायण प्रसाद मिश्रा, राज कुशवाहा, मनोज त्रिपाठी, एड. दिनेश शर्मा, फॉरेस्ट विभाग से अंबुज नयन पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, पटवारी शिशुपाल सिंह मौजूद रहे.

# राजकपूर की जन्म शताब्दी पर होगा तीन दिवसीय फिल्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, महान फिल्म अभिनेता और निदेशक राज कपूर की 101वीं जयंती पर रीवा में तीन दिवसीय फिल्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.**



आयोजन को लेकर आयोजक मंडल तैयारी को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है. फिल्मी दुनिया के कई कलाकार शिरकत करेगे. कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 12 से 14 दिसम्बर तक रेवा फिल्म फेस्टो 2025 का आयोजन किया जा रहा है. इस आयोजन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धमेन्द्र लोधी शामिल होंगे. तीन दिवसीय फिल्मोत्सव में प्रसिद्ध अभिनेता सोनू सूद, हॉलीवुड अभिनेत्री इलीना, फिल्म अभिनेत्री पूजा चोपड़ा, अभिनेता अर्जुन द्विवेदी, अभिनेत्री विन्ध्या तिवारी, वाइस आर्टिस्ट पारूल भटनागर, मिसेज इंडिया स्नेहल आचार्य, फेमिना मिस इंडिया मान्या सिंह, अभिनेता शांतनु शुक्ला, गायक अविनाश सिंह परिहार तथा हास्य कलाकार रोहित प्यारे अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरेंगे.

# सर्वेक्षण कार्य की अंतिम तिथि 13 को

**रीवा, 10 दिसम्बर,** राज्य शासन द्वारा जारी पत्र के अनुसार मध्यप्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टा प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है. निर्धारित कार्यक्रमानुसार भूमिहीन आवेदकों के सर्वेक्षण कार्य की अंतिम तिथि 13 दिसंबर 2025 निर्धारित है, इस हेतु नियत तिथि के अन्तिम 02 दिन शेष बचे है. अत: इच्छुक भूमिहीन हितग्राही अपने-अपने वार्ड प्रभारी से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन इसी तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करे.

# मानवाधिकार वे अधिकार है जो कि प्रत्येक मानव को जन्म से ही प्राप्त है : अंजली

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में केन्द्रीय कारागार में मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया.**




मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश श्रीमती अंजली पारे ने बंदीगणों को मानवाधिकार की जानकारी देते हुये कहा कि मानवाधिकार वे अधिकार है जो कि प्रत्येक मानव को जन्म से ही, प्राप्त है. औद्योगिक न्यायालय के मेम्बर जज के.के. मिश्रा ने मानवा अधिकारो की उत्पत्ति के इतिहास के बारे मे प्रकाश डाला. सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र ने जेल में बंदियों के मानवाधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी. जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में जेल उपाधीक्षक श्याम सिंह कुशवाहा, संजीव गेदले, लीगल डिफ्रेस काउसिल डिप्टी चीफ मंजूर अहमद मंसूरी मौजूद रहे.

# उत्खनन की अनुमति देते समय वन और पर्यावरण का ध्यान रखें : जामोद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में खनि रियायत संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई. बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि शासन की नीति के अनुसार खनिज पदार्थों के उत्खनन के लिए नए ब्लाकों का खनिज विभाग चिन्हांकन करे.**



उत्खनन की अनुमति देते समय वनों और पर्यावरण की सुरक्षा का भी पूरा ध्या रखें. सतना, मैहर और सीधी जिले में उत्खनन की अनुमति देने के लिए जो प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं उनमें पूरा विवरण दर्ज करें. वन और खनिज विभाग संयुक्त रूप से सर्वे करने के बाद अनुमति के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें. वन विभाग द्वारा सहमति देने के बाद ही प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी. खनि रियायत के प्रस्ताव तैयार करते समय शासन की नीतियों तथा पर्यावरण संरक्षण के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें. बैठक में मुख्य वन संरक्षक राजेश राय ने कहा कि खनिज अधिकारी और वनमण्डलाधिकारी प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर लें. वन विभाग की गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर कोई आपत्ति नहीं होगी. बैठक में कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, वनमण्डलाधिकारी सतना मयंक चांदीवाल, संयुक्त आयुक्त एलएल अहिरवार, प्रभारी उप संचालक खनिज बसंतराम मौजूद रहे.

# बीच-बचाव करने पहुंचे छात्र को मारा चाकू

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, शहर के केन्द्रीय विद्यालय परिसर के बाहर दो छात्र गुटो के बीच हुए विवाद को शांत कराने पहुंचे एक छात्र पर चाकू से हमला कर दिया गया.**

घायल अवस्था में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहा उसका उपचार चल रहा है. बुधवार की दोपहर केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के चार छात्र स्कूटी से केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 के छात्र को मारने पहुंचे. परिसर के बाहर ही विवाद को शांत कराने विद्यालय दो के 10 वीं का छात्र अरविंद प्रताप सिंह निवासी अनंतपुर पहुंच गये और उन्होने मामले को शांत कराया. इसके बाद अपने स्कूल की तरफ चल दिये. तभी चारो पीछा कर अरविंद के साथ मारपीट शुरू कर दी और चाकू से हमला कर दिया. जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन में गिर गया और आरोपी छात्र भाग खड़े हुए. बताया गया है कि आरोपी छात्र केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के छात्र है. छात्र का उपचार चल रहा है.

### आधार ई-केवाईसी कराएं

**रीवा, 10 दिसम्बर,** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के समस्त पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी की कार्यवाही के निर्देश के उपरांत भी 31 अगस्त तक जिन पेंशन हितग्राहियों की आधार ई-केवाईसी पूर्ण नही हो सकी है उन हितग्राहियों की पेंशन को शासन द्वारा होल्ड कर दिया गया है.

# विवि में कम्बल का वितरण, कुलगुरू ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 दिसम्बर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के कुलगुरु के नेतृत्व में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, आउट सोर्स कर्मचारियों तथा मजदूरों को कम्बल वितरण किया गया.**



इस अवसर पर अमरपाटन विधानसभा के पूर्व विधायक राम खेलावन पटेल, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह परिहार के साथ-साथ विश्वविद्यालय के आचार्यगण, कर्मचारीगण भी उपस्थित रहकर कम्बल वितरण में सहयोग किया. लगभग 250 कम्बलों का विवरण किया गया. विगत अनेक वर्षो से विश्वविद्यालय में यह परम्परा स्थापित है कि यहाँ के शिक्षक व अधिकारीगण आपस में कुछ धनराशि एकत्र कर जाड़े के मौसम में कम्बल वितरण का कार्य करते हैं.

इस अवसर पर कुलगुरु ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के वंचित लोगों का ख्याल रखना हम सभी का पुनीत कर्तव्य है. वास्तव में मंदिर मठों में विराजमान परमात्मा का यही संदेश है कि मैं उन वंचित लोगों में बसता हूँ. इसी लिए विवेकानन्द जी ने नर सेवा को नारायण सेवा कहा है. उन्होंने कहा कि ऐसे पुनीत कार्य से मन प्रसन्न होता है तथा अन्त:करण की शुद्धता होती है. यही तो परमात्म भाव है. उन्होंने समाज के सम्पन्न लोगों से अपेक्षा थी कि वंचितों की सेवा कर अपना परम कल्याण करना चाहिए.